महत्वपूर्ण एवं खास

बीपीएल श्रेणी महिला आवेदकों के लिए प्लेसमेंट कैम्प 21 नवम्बर को

रायगढ़। बीपीएल श्रेणी के महिला आवेदकों के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 21 नवम्बर 2022 को प्रात:10.30 बजे से स्थान-जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में होगा। जिला रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से जिन पदों पर भर्ती की जाएगी, इनमें मे.जेएसपी फाउंडेशन (यशस्वी नारी) ओपीजेसीसी पूंजीपथरा रायगढ़ में कम्प्यूटर ऑपरेटर, फ्रंट ऑफिस इक्जीक्यूटिव, ब्यूटीशियन, रूम अटेंडेंट एवं रिटेल के पद पर कुल 350 महिला आवेदकों की भर्ती की जाएगी। उक्त पदों के लिए महिला आवेदकों को 10 वीं कक्षा 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। केवल महिला आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी, बीपीएल परिवार 2 लाख रुपये से कम आय वर्ग का होना जरूरी है।

प्राकृतिक आपदा से असामायिक मृत्यु पर वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत

रायगढ़। अनुविभाग लैलूंगा अंतर्गत 5 व्यक्तियों की प्राकृतिक आपदा के तहत असामायिक मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन उपरांत एसडीएम लैलूंगा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के तहत मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील लैलूंगा के ग्राम बरटांगर की सुकवारों धनवार की 12 जुलाई 2022 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पति धरम को 4 लाख रुपये, ग्राम-बरटांगर के विवेक सिदार की 24 अगस्त 2022 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पिता सेतकुमार को 4 लाख रुपये, ग्राम-खेडआमा के चंदन कुमार साय की 3 सितम्बर 2022 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी नीलमनी को 4 लाख रुपये, ग्राम-तोलगे के लीलावती खडिया की 20 जनवरी 2020 को आग में जलने से मृत्यु होने पर उनके पति दौलत खडिया को 4 लाख रुपये तथा ग्राम-कटकलिया के अजय निषाद की 14 जुलाई 2022 को बिजली गाज से मृत्यु होने पर उनके पिता जयनारायण को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

लैलूंगा के बसंतपुर में लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन आज

रायगढ़। जिला परिवहन अधिकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 नवम्बर 2022 को लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन तहसील लैलूंगा के ग्राम पंचायत बसंतपुर में किया जाएगा। उक्त शिविर में सभी आवेदकों को वाहन चालन हेतु लर्निंग लायसेंस दिया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए आवेदक को लोक सेवा केन्द्रों/च्वाईस सेंटर या स्वयं इंटरनेट के माध्यम से ऑन लाईन आवेदन पूर्ण कर आवश्यक दस्तावेजों जैसे निवास हेतु आधार कार्ड, वोटर कार्ड या पता प्रमाण-पत्र हेतु अन्य दस्तावेज एवं जन्म तिथि प्रमाण हेतु अंकसूची, पेन कार्ड, पासपोर्ट सहित आवश्यक शुल्क जमाकर उपस्थित होना अनिवार्य है।

केवड़ाबाड़ी यात्री प्रतीक्षालय में मिला वृद्ध व्यक्ति का शव

रायगढ़। केलाबाड़ी बस स्टैण्ड आसपास एक वृद्ध व्यक्ति (उम्र करीब 70 वर्ष) का कुछ दिनों से घूमते देखा गया था, जो काफी दिनों से बीमार प्रतीत हो रहा था, वृद्ध रात के समय बस स्टैण्ड यात्री प्रतिक्षालय में आश्रय ले रहा था जिसका दिनांक 17-18.11.2022 के दरमियानी रात फौत हो गया है। उक्त व्यक्ति के वारिसान का पता नहीं चल पाया है। सूचनाकर्ता राकेश पटवा निवासी केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड शिवानगर की सूचना पर थाना कोतवाली में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। कोतवाली पुलिस मृतक के वारिसानों का पता कर रही है, शव को मरच्युरी में रखा गया है, वारिसानों के पता नहीं चलने पर तीन दिवस पश्चात पोस्ट मार्टम कर कफन-दफन की कार्यवाही किया जावेगा।

व्यक्तित्व विकास प्रतियोगिता रायपुर में रायगढ़ जिले के छात्र प्रेम ने प्राप्त किया तीसरा स्थान

रायगढ़। पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस कार्यक्रम बाल दिवस समारोह के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास प्रतियोगिता का आयोजन राजधानी रायपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 17 नवंबर 2022 को आयोजित किया गया था जिसमें मौखिक गणित कौशल में शासकीय प्राथमिक शाला खिचड़ी विकासखंड बरमकेला जिला रायगढ़ के छात्र प्रेम पटेल कक्षा पांचवी ने 15 में से 12 प्रश्न का सही जवाब देकर संभाग बिलासपुर के हर्ष पोर्ते के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। विदित हो कि उक्त व्यक्तित्व विकास प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ समग्र शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित की गई थी जिसमें प्रथम स्थान सरगुजा के छात्र गौतम यादव व द्वितीय स्थान दुर्ग के सत्यम साहू ने हासिल किया। उक्त राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पूरे राज्य से मेघावी छात्रों ने अपनी विशेष प्रतिभा का परिचय दिया। उल्लेखनीय है कि विकासखंड स्तर, जिला स्तर व संभागीय स्तर पर ऑनलाइन प्रतियोगिता जीतकर, राज्य स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को उक्त राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता का अवसर प्राप्त हुआ था, जिसमे पांचों संभाग से चयनित 170 बच्चों ने अलग-अलग विधाओं में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। पढ़ई तुंहर दुआर 3.0 के अंतर्गत चित्रकला, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, मौखिक गणित कौशल, स्पीड रीडिंग, विज्ञान प्रदर्शनी, आदि में प्राथमिक स्तर, माध्यमिक व हायर सेकेंडरी स्तर पर बहुत ही सुंदर व अनूठा आयोजन छत्तीसगढ़ समग्र शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। उक्त राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शासकीय प्राथमिक शाला खिचरी कक्षा पांचवी के छात्र प्रेम पटेल ने मौखिक गणित कौशल में रायगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए गणित के 15 प्रश्नों में से 12 प्रश्नों का सही जवाब देकर अपने विशेष प्रतिभा का परिचय देकर तीसरा हासिल करते हुए रायगढ़ जिले को गौरवान्वित किया है। प्रेम पटेल की इस उपलब्धि में शासकीय प्राथमिक शाला खिचरी के प्रधान पाठक के तौर पर कार्यरत सुनीता यादव की मेहनत की विशेष भूमिका रही जो बच्चों को व्यवहारिक व प्रायोगिक रूप से पढ़ाती हैं। रायगढ़ जिले के प्राथमिक शाला खिचड़ी विकासखंड बरमकेला के विद्यार्थी प्रेम पटेल की उक्त उपलब्धि पर प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा नरेंद्र दुग्गा (आईएएस 2008 बैच) तथा सहायक संचालक समग्र शिक्षा डॉ.एम. सुधीर ने सराहना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ बी.बाखला, डीएमसी समग्र शिक्षा रायगढ़ नरेंद्र कुमार चौधरी, एपीसी भुनेश्वर पटेल, भूपेंद्र पटेल, डीपीओ डी.के.वर्मा एवं एफएलएन के जिला नोडल अधिकारी आलोक स्वर्णकार सभी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। साथ ही विकास खंड स्तर पर बीआरसी प्रेम नायक ने छात्र व प्राथमिक शाला खिचरी के सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दी। राज्य स्तर से चयनित पीएमयू से योगिता पाठक, डाली, रुकमणी साहू आदि ने भी छात्र व संस्था को बधाई प्रेषित कर प्रसन्नता व्यक्त की है।

अपर कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र एवं चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

रायगढ़। कलेक्टर रानू साहू के निर्देशन में आज अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगडे ने धान खरीदी केंद्र जामगांव तथा चेकपोस्ट भुईयांपाली (जामगांव) एवं बेलरिया का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जामगांव स्थित धान खरीदी केन्द्र में आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान खरीदी केन्द्र में फड़ तैयार नहीं होने, बैनर व सूचना चस्पा न लगाने व कार्यालय अव्यवस्थित होने पर गहरी नाराजगी जतायी एवं दो दिनों में खरीदी केन्द्र को सुव्यस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने भूईयांपाली (जामगांव) एवं बेलरिया चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने प्रत्येक माल वाहक वाहनों को चेक करने एवं उसका डिटेल्स लिखने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने उपस्थिति पंजी को देखकर एन्ट्री करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा, जागरूकता एवं सुगम यातायात को लेकर हुई वर्चुअल बैठक

❐ सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने जागरूकता कार्यक्रम सहित विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

रायगढ़। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय द्वारा राज्य स्तर पर पुलिस, परिवहन, एनएसएस, एससीसी, रेंज रोवर्स तथा आईआरएडी विभाग प्रमुखों के साथ वर्चुअल बैठक आयोजित हुई। बैठक का उद्देश्य सड़क सुरक्षा, जागरूकता एवं सुगम यातायात प्रबंध को लेकर विभिन्न विभागों के समन्वय से यातायात नियमों के पालन, जागरूकता एवं बेहतर व सुरक्षित यातायात हेतु अन्य आवश्यक उपाय पर एवं आगामी कार्यक्रमों के रूपरेखा के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। वर्चुअल बैठक में राज्य के सभी जिलों के यातायात पुलिस के पर्यवेक्षण/प्रभारी अधिकारी, जिला एनसीसी, एनएसएस स्काउट गाइड्, रेंज रोवर्स तथा आईआरएडी के जिलाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में यातायात प्रबंधन एवं जन जागरूकता के संबंध में किए जाने वाले कार्यक्रमों में सभी की सहभागिता सहित अन्य सुसंगत विषयों पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिला रायगढ़ से वर्चुअल बैठक में यातायात डीएसपी दीपक मिश्रा, आईआरएडी प्रभारी दुर्गा प्रसाद प्रधान, परिवहन विभाग से कौशल्या रात्रे, एनसीसी से विनोद षडंगी, एनएसएस से भोज राम पटेल, स्काउट गाइड के विकास तिवारी, सहायक चिकित्साधिकारी डॉ. टोप्पो एवं प्रधान आरक्षक मुकेश चौहान थाना यातायात उपस्थित थे।

श्रमिक सम्मेलन पंजीयन शिविर का आज होगा उद्घाटन

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) सुशील सन्नी अग्रवाल आज रायगढ़ प्रवास पर

रायगढ़। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) सुशील सन्नी अग्रवाल रायगढ़ प्रवास के दौरान 19 नवम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे नगर निगम ऑडिटोरियम आयेंगे एवं श्रमिक सम्मेलन/पंजीयन शिविर का उदघाटन करेंगे तथा चेक वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात वे दोपहर 12.15 बजे नगर पालिक निगम रायगढ़ में महापौर एवं पार्षदों के साथ मंडल द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा करेंगे। अग्रवाल दोपहर 1.15 बजे सहायक श्रमायुक्त कार्यालय रायगढ़ आयेंगे एवं दोपहर 1.30 बजे सहायक श्रमायुक्त कार्यालय रायगढ़ में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मंडल द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा करेंगे। तत्पश्चात वे अपरान्ह 3 बजे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं शाम 4 बजे रायगढ़ से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

सहायक श्रमायुक्त रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रमिक सम्मेलन के दौरान पंजीकृत श्रमिकों को मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत 28 हितग्राहियों को 5 लाख 60 हजार रुपये, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत 3 हितग्राहियों को 3 लाख रुपये, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत 629 हितग्राहियों को 01 करोड़ 25 लाख 80 हजार रुपये, मेधावी छात्र-छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत 28 हितग्राहियों को 01 लाख 81 हजार रुपये, नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के तहत 61 हितग्राहियों को 4 लाख 8 हजार रुपये, मेधावी छात्र-छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजनान्तर्गत टॉप टेन में आने वाले छात्र-छात्रा हेतु 01 हितग्राही को प्रोत्साहन राशि 01 लाख रुपये, इसी तरह कुल 750 हितग्राहियों को 01 करोड़ 41 लाख 29 हजार रुपये की लागत से विभिन्न योजनान्तर्गत लाभान्वित किया जाएगा। इस दौरान श्रमिक पंजीयन काउंटर का भी उदघाटन होगा।

बाल सुरक्षा सप्ताह... रक्षा टीम स्कूलों में लगा रही जागरूकता की पाठशाला और पेट्रोलिंग कर रख रही असामाजिक तत्वों पर नजर

❐ कोतरारोड पुलिस ने किरोड़ीमल नगर और कोतरा के स्कूली बच्चों को किया जागरूक

रायगढ़। जिला पुलिस की महिला पुलिस रक्षा टीम द्वारा स्कूलों में जाकर महिला एवं बाल अपराध के रोकथाम के लिए बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। जिले में आज बाल सुरक्षा सप्ताह के पांचवे दिन सुरेशा चौबे, उप सेनानी 6वीं वाहिनी के हमराह आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उर्दना में उप सेनानी सुरेशा चौबे द्वारा बालिकाओं को गुड और बैड टच के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बच्चों को वर्तमान समय में समाज में घटित होने वाली घटनाओं, अपराधों विशेषकर साइबर से संबंधित अपराधों की जानकारी एवं बचाव के उपाए देकर उन्हें जागरूक किया। रक्षा टीम प्रभारी सहायक उप निरीक्षक मंजु मिश्रा द्वारा छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी "अभिव्यक्ति ऐप" की विशेषताएं बताई कि इस ऐप से किसी भी समय पुलिस सहायता प्राप्त होगी तथा बगैर थाना या आफिस जाये पीड़ित महिला ऐप के माध्यम से अनाचार, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, मारपीट, टोनही, दहेज प्रताडऩा, अपहरण, बाल विवाह, मानव तस्करी, एसिड अटैक, लैंगिक व साइबर अपराध की शिकायत पुलिस तक पहुंचा सकती है। घर के मोबाइल पर प्ले स्टोर से "अभिव्यक्ति ऐप" को डाउनलोड कर इंस्टाल किया जा सकता है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन पर रक्षा टीम के सदस्य पेट्रोलिंग कर शहर के पार्क, शैक्षणिक संस्थान, कोचिंग, मॉल, बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टैण्ड तथा मार्केट एरिया में महिला या युवतियों के साथ छेड़खानी या गलत हरकत करने वालों पर नजर रख रही है और उन्हें "अभिव्यक्ति ऐप" के संबंध में जानकारी दिया जा रहा है।

इसी क्रम में कल थाना प्रभारी कोतरारोड़ उप निरीक्षक गिरधारी साव द्वारा थानाक्षेत्र के हायर सेकेण्ड्री स्कूल किरोड़ीमल और कोतरा जाकर छात्र-छात्राओं को पास्को एक्ट से संबंधित घटनाओं का जिक्र करते हुए बताये कि ऐसे अपराध, छेड़छाड़, शोषण और अमानवीय हरकतों से डरना नहीं है बल्कि इसकी जानकारी अपने परिजनों और पुलिस को देना है। थाना प्रभारी छात्र-छात्राओं को विकट परिस्थितियों में पुलिस सहायता के लिए डायल 112 तथा थाना प्रभारी कोतरारोड़ के मोबाइल नंबर पर कॉल कर सूचना देने कहा गया है। थाना प्रभारी ने रंगोली प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को प्रमाण व पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

नियमित टीकाकरण में सुदृढ़ीकरण के लिए जनपद सीईओ पटेल ने पंचायत सचिवों की ली बैठक

❐ पंचायत सचिवों को गर्भवती एवं शिशुवती से संबंधित शासन की योजनाओं की दी जानकारी

रायगढ़। कलेक्टर रानू साहू के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत सीईओ रूपेंद्र पटेल पटेल ने आज जनपद पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में नियमित टीकाकरण में सुदृढ़ीकरण हेतु पंचायत सचिवों की बैठक ली। इस मौके पर डीएमसी शशांक शर्मा के द्वारा कार्यक्रम में पंचायत सचिवों को गर्भवती एवं शिशुवती से संबंधित शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही गर्भावस्था के दौरान के नियमित जांच, प्रसव पूर्व देखभाल, प्रसव के बाद देखभाल, नवजात शिशु की देखभाल, दस्त रोकथाम, निमोनिया की रोकथाम, शिशु स्तनपान, शिशु लालन-पालन सलाह, परिवार नियोजन के स्थाई साधन, लड़का-लड़की आयु अनुसार वजन लंबाई-ऊंचाई, आंगनवाड़ी सुविधाए, पूरक-पोषण, टीकाकरण के चार महत्वपूर्ण संदेश, टीकाकरण की आवश्यकता आदि की जानकारी साझा किया गया। पंचायत सचिवों के द्वारा ग्राम पंचायत के मीटिंग कार्यक्रम एवं पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्रों में नियमित टीकाकरण अभियान में गति हेतु सहयोग देने की बात कही। जनपद पंचायत रायगढ़ के बाद क्रमश:जिले के अन्य ब्लॉक के जनपद पंचायत में नियमित टीकाकरण को लेकर चर्चा की जाएगी। जिससे जिले में नियमित टीकाकरण अभियान में सकारात्मक गति आएगी। बैठक के दौरान जनपद पंचायत सीईओ रूपेंद्र पटेल ने आगे भी पंचायत सचिवों से स्वास्थ्य से जुड़े विषयो पर लगातार चर्चा करने की बात कही।

कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम ने गोटिलाल को दिया भरोसा, मिलेगी उचित सहायता

सारंगढ़ - बिलाईगढ़। ग्राम मोहतरा, बिलाईगढ़ निवासी 76 वर्षीय दिव्यांग गोटिलाल बंजारे कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम से कलेक्टोरेट सारंगढ़ मिलने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि दिव्यांग होने के कारण उन्हें चलने-फिरने एवं स्वयं से कहीं आने जाने में बहुत अधिक समस्या होती है, उनके पास पहले से मौजूद जर्जर ट्राइसाइकिल को हमेशा एक धक्के देने वाले की आवश्यकता होती है, इस कारण से वे बहुत अधिक असहाय महसूस करते हैं। गोटिलाल ढंग से सुन भी नहीं पाते हैं तथा उनकी श्रवणशक्ति भी कम हो चुकी है, इसके अलावा वे आर्थिक रूप से बेहद कमजोर हैं। उन्होंने कलेक्टर से नई ट्रायसायकिल की मांग की। कलेक्टर डॉ.आलम ने गोटिलाल को आश्वस्त किया कि उनकी मांग अनुसार उन्हें उचित सहायता प्रदान की जाएगी। आश्वासन बाद गोटिलाल ने कलेक्टर को अपना धन्यवाद ज्ञापित किया।

छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश ने योग साधकों की ली बैठक

❐ जिले के प्रथम नियमित योगाभ्यास केन्द्र का हुआ शुभारंभ

❐ समाज कल्याण विभाग की सभी मान्यता प्राप्त संस्थाओं में विशेष योग कक्षा होगी संचालित

रायगढ़। छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा एवं सचिव एम.एल.पाण्डेय आज रायगढ़ जिले में प्रवास के दौरान योग के प्रचार-प्रसार तथा योग को जन जन तक पहुंचाने व आगामी योग गतिविधियों के विस्तार के लिए कार्ययोजना बनाने के उद्देश्य से सर्किट हाउस, रायगढ़ में दोपहर 02 बजे जिले के योग साधकों की बैठक में सम्मिलित हुए। उन्होंने बैठक में उपस्थित योग साधकों के योग संबंधित विचारों, समस्याओं, योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी योग साधकों को संबोधित करते हुए नियमित योगाभ्यास संचालन व योग के प्रचार-प्रसार व गतिविधियों में आने वाले समस्याओं के निराकरण के लिए आश्वस्त करते हुए संबंधित जिला अधिकारी को भी निर्देश दिए।

छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने रायगढ़ जिला मुख्यालय स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में प्रथम नि:शुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर योग आयोग के सचिव एम.एल. पाण्डेय, वरिष्ठ समाजसेवी रायगढ़ दीपक पाण्डेय, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी, प्रदीप गर्ग अध्यक्ष रायगढ़ जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोशियेशन, सुशील सिंह प्रमुख कलाकर समाज कल्याण, श्रीमति जस्सी फिलिप संचालिका बापू की कुटिया वृद्धाश्रम सहित योग साधक जिला योगासन स्पोर्ट्स के सचिव जय यादव, रायगढ़ योग समिति अध्यक्ष नीलाम्बर पटेल, सुश्री चंचला पटेल, श्रीमति शर्मिला नायक एवं रायगढ़ जिले के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480